# नीति आयोग का राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक

## चर्चा में क्यों?

नीति आयोग **की राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (FHI) 2025** रिपोर्ट में **हरियाणा को 14वाँ स्थान दिया गया है,** जो इसे **18 प्रमुख राज्यों में सबसे निचले पाँच राज्यों में शामिल करता है।**

- रैंकिंग में **पाँच मापदंडों पर विचार किया जाता है:** व्यय की गुणवत्ता, राजस्व संग्रहण, राजकोषीय विवेकशीलता, ऋण सूचकांक और ऋण स्थिरता।

## मुख्य बिंदु

- **FHI का दायरा:**
  - यह सूचकांक **भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP),** जनसांख्यिकी, सार्वजनिक व्यय, राजस्व और राजकोषीय स्थिरता में **महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले 18 प्रमुख राज्यों** को कवर करता है।
  - यह वर्ष 2014-15 से वर्ष 2022-23 की अवधि के लिये **राजकोषीय प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है।**
- **हरियाणा का प्रदर्शन:**
- **ऋण प्रोफाइल और चिंताएँ:**
  - हरियाणा का ऋण-GSDP अनुपात वर्ष 2018-19 में 26% से **बढ़कर वर्ष 2020-21 में 33% हो गया, जो वर्ष 2022-23 में 31% पर स्थिर हो गया।**
  - **वर्ष 2022-23 में ब्याज भुगतान में** 9.4% की वृद्धि हुई, जिसमें ब्याज **भुगतान-से-राजस्व प्राप्ति अनुपात** 23% रहा।
  - **ऋण सूचकांक पैरामीटर पर हरियाणा 15वें स्थान पर है,** जो केवल केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब से आगे है।
- **राजस्व एवं राजकोषीय घाटा:**
  - हरियाणा का **राजस्व घाटा वर्ष 2022-23 में GSDP का 1.7% रहा,** जो 15वें वित्त आयोग **की अनुशंसाओं को पूर्ण करने में विफल रहा।**
  - वर्ष 2017-18 से वर्ष 2021-22 तक राजकोषीय घाटे **को मुख्य रूप से** सार्वजनिक ऋण के माध्यम से वित्तपोषित किया गया, जिसमें बाज़ार उधार और केंद्र सरकार से ऋण शामिल हैं।
- **व्यय की गुणवत्ता:**
  - **व्यय की गुणवत्ता के मामले में हरियाणा** 24.8 अंक के साथ 16वें स्थान पर है, जो केवल पंजाब और केरल से आगे है।
  - GSDP की तुलना में पूंजीगत व्यय **वृद्धि में वर्ष 2018-19 से गिरावट आई है,** जो वर्ष 2022-23 में GSDP का केवल 1.4% रह गई है, जो बजट अनुमान से कम है।
  - कुल व्यय के हिस्से के रूप में पूंजीगत व्यय वर्ष 2018-19 में 16.4% से घटकर वर्ष 2022-23 में 9.7% हो गया।
- **हरियाणा के लिये अनुशंसाएँ:**
  - **सामाजिक सेवाओं पर पूंजीगत व्यय** बढ़ाया जाना।
  - **कर संग्रहण दक्षता में** वृद्धि।
  - ऋण स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक मजबूत **राजकोषीय प्रबंधन ढाँचा स्थापित करना।**
  - अल्पावधि और मध्यमावधि राजकोषीय स्थिरता में सुधार के लिये **राजस्व आधार को व्यापक बनाना और व्यय को युक्तिसंगत बनाना।**

//

# नीति आयोग

## (राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था)

### इतिहास- योजना आयोग

वर्ष **1950** में निवेश संबंधी गतिविधियों को निर्देशित करने हेतु स्थापित

**1 जनवरी, 2015 को नीति आयोग द्वारा प्रतिस्थापित**

### नीति आयोग की संरचना

- **अध्यक्ष**
  प्रधानमंत्री
- **शासी मंत्रिपरिषद्**
  CMS (राज्य) और उपराज्यपाल (VTS)
- **क्षेत्रीय परिषदें**
  आवश्यकतानुसार गठित, जिसमें क्षेत्र के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल शामिल होते हैं
- **सदस्य**
  पूर्णकालिक
- **अंशकालिक सदस्य**
  अधिकतम 2, क्रमिक, महत्त्वपूर्ण संस्थानों से
- **पदेन सदस्य**
  अधिकतम 4 मंत्रिपरिषद् से, प्रधानमंत्री द्वारा नामित
- **विशेष आमंत्रितकर्त्ता**
  अनुभवी, विशेषज्ञ, डोमेन ज्ञान वाले अभ्यासकर्त्ता
- **मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
  निश्चित कार्यकाल के लिये प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त (सचिव रैंक)
- **सचिवालय**
  आवश्यकतानुसार

### प्रमुख पहलें

- सतत् विकास लक्ष्य (SDG) इंडिया इंडेक्स
- अटल इनोवेशन मिशन
- ई-अमृत पोर्टल (इलेक्ट्रिक वाहन)
- सुशासन सूचकांक
- भारत नवाचार सूचकांक
- आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम
- 'मेथनॉल अर्थव्यवस्था' कार्यक्रम

### उद्देश्य

- **सहकारी संघवाद** को बढ़ावा देना
- **विश्वसनीय योजनाओं के निर्माण** हेतु तंत्र विकसित करना **(ग्रामीण स्तर पर)**
- आर्थिक रणनीति और नीति में **राष्ट्रीय सुरक्षा** संबंधी हितों को बढ़ावा
- **सुभेद्य वर्गों** पर विशेष **ध्यान**
- **प्रमुख हितधारकों, नेशनल-इंटरनेशनल थिंक टैंक, शोध संस्थानों** के बीच साझेदारी के लिये सलाह और प्रोत्साहन प्रदान करना
- **ज्ञान, नवाचार और उद्यमशीलता सहायता प्रणाली** का निर्माण
- अंतर-क्षेत्रीय और अंतर-विभागीय **मुद्दों के समाधान हेतु मंच** प्रदान करना
- **अत्याधुनिक संसाधन केंद्र** (state-of-the-art Resource Centre) बनाए रखना

### नीति आयोग बनाम योजना आयोग

| नीति आयोग | योजना आयोग |
|---|---|
| यह एक सलाहकार थिंक टैंक के रूप में कार्य करता है। | यह गैर-संवैधानिक निकाय के रूप में कार्य करता था। |
| इसमें व्यापक विशेषज्ञ सदस्य शामिल होते है। | इसमें सीमित विशेषज्ञता थी। |
| प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त सचिवों को CEO के रूप में जाना जाता है। | सचिवों को सामान्य प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्त किया जाता था। |
| यह योजना के 'बॉटम-अप' दृष्टिकोण पर केंद्रित है। | इसने 'टॉप-डाउन' दृष्टिकोण का अनुसरण किया। |
| इसके पास नीतियाँ लागू करने का अधिकार नहीं है। | राज्यों पर नीतियों को लागू किया और अनुमोदित परियोजनाओं के साथ धन का आवंटन किया। |
| इसके पास निधि आवंटित करने का अधिकार नहीं है, जो वित्त मंत्री में निहित है। | इसे मंत्रालयों और राज्य सरकारों को निधि आवंटित करने का अधिकार था। |

### प्रमुख पहलें

- राज्यों को **विवेकाधीन निधि** प्रदान करने का **अधिकार नहीं**
- केवल एक **सलाहकार निकाय**
- **निज़ी या सार्वजनिक** निवेश को **प्रभावित करने में कोई भूमिका नहीं**
- **संगठन का राजनीतिकरण**
- सकारात्मक बदलाव लाने के लिये **अपेक्षित शक्ति (Requisite Power) का अभाव**

Drishti IAS

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/niti-aayogs-fiscal-health-index